सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 117 | इंदौर, मंगलवार 12 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

"देवोत्थानी एकादशी"

29वीं पुण्यतिथि

पवित्र पुण्य स्मरण



पं. रमेशचंद्र घनश्यामोपाध्याय

श्रद्धावनत-चिरकृतज्ञ

'उपाध्याय परिवार'

# विजयपुर में वोटिंग से एक दिन पहले फायरिंग : दो आदिवासी घायल

## 4 बाइक से आए 9 हथियारबंद बदमाश, एक आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर। श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले फायरिंग हुई। बाइक से आए 9 बदमाशों ने आदिवासी लोगों को धमकाया। फायरिंग में दो लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव वालों ने एक आरोपी को बंदूक के साथ पकड़ लिया। उसे पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। थाने पर भाजपा और कांग्रेस के लोग इकट्ठा हो गए।**

वारदात सोमवार रात 10 बजे ढोढर थाना क्षेत्र के धनाचया गांव की है। कांग्रेस ने इसे लेकर भाजपा पर अराजकता फैलाने और गुंडागर्दी का आरोप लगाया है। पार्टी की तरफ से X पर लिखा गया- श्योपुर कलेक्टर किशोर कन्याल भाजपा के विजयपुर उपचुनाव प्रत्याशी रामनिवास रावत के एजेंट की तरह कार्य करते रहे। कांग्रेस लगातार शिकायत करती रही, किंतु चुनाव आयोग ने भी संज्ञान नहीं लिया। नतीजा आदिवासियों पर गोली चली। दबी हुई, डरी हुई और मैनेज्ड हुई प्रशासनिक मशीनरी से निष्पक्षता की उम्मीद नहीं की जा सकती। बता दें कि विजयपुर में आचार संहिता लागू है। सोमवार शाम 5 बजे ही चुनाव प्रचार थमा है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होनी है।




### घायल बोले- बाइक सवारों ने गाली-गलौज की

हमले में घायल प्रकाश और हरविलास आदिवासी ने बताया कि रात में कुछ लोग बाइक से आए थे। सभी के हाथ में बंदूक थी। आते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना किया तो ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। सूचना पर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे। अन्य आरोपियों की तलाश में टीमों को रवाना किया।

### कांग्रेस बोली- भाजपा के लोग अराजकता फैला रहे

श्योपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल सिंह चौहान का कहना है कि भाजपा के लोग अराजकता फैलाकर गुंडागर्दी की राजनीति करना चाहते हैं। गरीब आदिवासियों पर इस तरह फायरिंग ओछी मानसिकता को दर्शाती है। प्रशासन और पुलिस आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करें, नहीं तो कांग्रेस आदिवासियों के साथ लड़ाई लड़ेगी।

### शस्त्र लाइसेंस जमा, बड़ा सवाल बंदूक कहां से आई

विजयपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले प्रशासन और पुलिस ने जिलेभर के सभी शस्त्र लाइसेंस थानों में जमा कर लिए हैं। इसके बावजूद आरोपी बंदूक लेकर गांव में पहुंचे। कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब लाइसेंस जमा हो गए थे तो फिर हथियार कहां से आए?

# खजराना गणेश में अब नई पैकिंग में मिलेंगे लड्डू

## कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर 15 नवंबर को करेंगे विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना गणेश मंदिर में भक्तों को नए पैकिंग में लड्डू प्रसादी मिलेगी। देव उठनी ग्यारस के बाद नए पैकेट का विमोचन होगा। प्रसादी की दुकान को भी नए सिरे से रेनोवेट किया गया है।

पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि खजराना गणेश मंदिर में भगवान को जो लड्डू प्रसादी का भोग लगाया जाता है, वो लागत रेट में उपलब्ध कराने के लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित दुकान को नए तरीके से रेनोवेट किया गया है। इंदौर के हलवाई भंवरीलालजी की तरफ से लड्डू प्रसादी की पैकेजिंग के लिए पैकेट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही गुणवत्ता के लिए सामग्री भी उनकी तरफ से दी जाएगी। सुधार करने के लिए वे हमेशा मंदिर प्रबंध समिति का सहयोग करेंगे। नए पैकेट बन रहे हैं और नई दुकान पर यह लड्डू प्रसादी लागत रेट पर उपलब्ध कराई जाएगी। 15 नवंबर को इसका विमोचन होगा। प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर आशीष सिंह और नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति ने बताया कि समिति द्वारा प्रसाद के रूप में बेसन और ड्राइफ्रूट के लड्डू बनाए जाते हैं। इनके पैकेट पर निर्माण तारीख और एक्सपायरी तारीख अंकित होती है। सामान्य दिनों में 50 से 60 किलो प्रसाद भक्तों द्वारा खरीदा जाता है।

# दिसंबर-जनवरी में आएगा कड़ाके की ठंड का दौर

## एमपी में इस बार ज्यादा सर्दी पड़ेगी, 22 दिन चल सकती है कोल्ड वेव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में इस बार दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड का दौर आएगा। इन दो महीनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव की स्थिति रह सकती है। नवंबर के 10 दिन में प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा है। यहां टेम्प्रेचर 10.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में भी सर्दी है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह की मानें तो नवंबर में पारा 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। इस साल पिछली बार से ज्यादा सर्दी पड़ेगी। ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

### दिसंबर-जनवरी में ही कड़ाके की ठंड क्यों?

मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं। इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है। ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं इसलिए टेम्प्रेचर में गिरावट आती है। वहीं, सर्द हवाएं भी चलती हैं।

### दिसंबर में टेम्प्रेचर में गिरावट, कोल्ड वेव चलेगी

डॉ. सिंह ने बताया कि दिसंबर की शुरुआत से ला नीना की स्थिति बनना शुरू हो जाएगी। इससे ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड में ठंड जोर पकड़ेगी। हालांकि, कड़ाके की ठंड का दौर 20 दिसंबर से शुरू होगा।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा सर्दी रहेगी

ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। भोपाल संभाग के सीहोर-विदिशा में ठंड का जोर रहेगा। सागर संभाग के निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़-पन्ना, रीवा संभाग के मऊगंज, सीधी-सिंगरौली में तेज ठंड पड़ेगी। जबलपुर संभाग के मंडला-डिंडौरी, इंदौर संभाग के इंदौर, धार और झाबुआ में कड़ाके की ठंड रहेगी।

### 20-22 दिन तक चल सकती है कोल्ड वेव

मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं चलेंगी। जनवरी में यह 20 से 22 दिन तक चल सकती है। डॉ. सिंह ने कहा- पिछले 3 से 4 साल की बात करें तो दिसंबर-जनवरी में ज्यादा ठंड पड़ी है।

सीएम हेल्प लाइन को लेकर कलेक्टर सख्त

# एक लेवल से दूसरे लेवल में शिकायतें ट्रांसफर नहीं हो

◆ 50 दिनों में समस्याएं हल हो अन्यथा कड़ी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सभी अधिकारी सीएम हेल्प लाइन के तहत दर्ज केसों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें। प्रतिदिन आवेदन देखें और तत्काल ही निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें।**

ये निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को टीएल बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्प लाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज केसों का समय सीमा में आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाएं। आवेदनों के निराकरण में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक की अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहें।



उन्होंने कहा कि एक भी आवेदन देखने से वंचित नहीं रहे, यह विशेष ध्यान रखा जाएं। अगर एक भी शिकायत ऐसी मिलती है जिसमें कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्प लाइन एक लेवल से दूसरे लेवल में शिकायतें स्थानांतरित नहीं होना चाहिए। अधिकारी अपने स्तर से ही समस्या हल करें।

**निराकृत आवेदनों की स्वयं समीक्षा करें**-कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण में विशेष ध्यान दें। नायब तहसीलदार और तहसीलदार द्वारा निराकृत किए जा रहे आवेदनों की स्वयं समीक्षा करें। अगर नायब तहसीलदार और तहसीलदार द्वारा आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं किया जाता है तो संबंधित एसडीएम जवाबदेह रहेंगे।

उन्होंने एसडीएम को भी एक-एक आवेदन के परीक्षण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने समय-सीमा के पत्रों तथा लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की। जन समस्याओं संबंधी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। विवादित सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित विभिन्न प्रकार के राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

इंदौर जिले में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज केसों के तुरंत निराकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत 50 दिन से अधिक की अवधि के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनकर उनके ही समक्ष समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा रहा है।

## कल से होगी बेसमेंट के व्यापारिक उपयोग पर कार्रवाई

### कलेक्टर की बैठक और स्थानीय अवकाश के चलते दो दिन टली कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम बेसमेंट के व्यापारिक उपयोग के खिलाफ बुधवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करेगी। सोमवार को बैठक होने और मंगलवार को देवउठनी ग्यारस के कारण स्थानीय अवकाश होने से कार्रवाई नहीं होगी।**

जिला प्रशासन की पहल पर भवन के बेसमेंट में चल रही दुकानें और कार्यालयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। बेसमेंट का इस्तेमाल मूलतः वाहनों की पार्किंग का स्थान है। इस स्थान का दुरुपयोग करते हुए वहां पर व्यापारिक निर्माण कर बेच दिया गया है। ऐसे में 1100 भवन की सूची बनाकर उन पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू किया गया है। नगर निगम और प्रशासन की टीम के द्वारा कार्रवाई के नाम पर बेसमेंट में बनी हुई दुकानों को सील कर दिया जाता है। बाद में जब इस पर पार्किंग बनाने के लिए लिखित में सहमति दी जाती है तो फिर इस सील को खोल दिया जाता है। पिछले दो दिनों से यह कार्रवाई बंद पड़ी हुई है। ऐसे में यह उम्मीद की जा रही थी कि आज सोमवार को यह कार्रवाई होगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को समय सीमा के मामलों की समीक्षा के लिए बैठक रखी है। बैठक के कारण आज के दिन को कार्रवाई से मुक्त रखा गया है।

## देवउठनी ग्यारस पर आज छुट्टी

**इंदौर।** देवउठनी ग्यारस पर स्थानीय छुट्टी रहेगी। सोमवार 11 नवंबर को इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी कर दिए। यह अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं होगा।

कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि है कि, पूर्व में 1 नवंबर का स्थानीय अवकाश घोषित था, लेकिन मप्र शासन द्वारा अवकाश घोषित कर दिया गया। इसलिए एक नवंबर को स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए अब 12 नवंबर देवउठनी ग्यारस को अवकाश घोषित किया है। देवउठनी ग्यारस पर छुट्टी की कर्मचारियों की तरफ से मांग की जा रही थी। ग्यारस पर प्रदेश के कई जिले छुट्टी घोषित कर चुके हैं। झाबुआ, जबलपुर, दमोह, छिंदवाड़ा आदि जिले छुट्टी घोषित कर चुके हैं।

## सबसे नीट अपनी बीट में होगा सफाई का आंकलन

**इंदौर।** शहर के सभी सफाई मित्रों के बीच स्वच्छता प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसके तहत सबसे नीट अपनी बीट में सफाई कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र को अधिक बेहतर और साफ-सुथरा रखना होगा। इस प्रतिस्पर्धा में बेहतर कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। निगम आयुक्त शिवम वर्मा के अनुसार इस वर्ष होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए अब नगर निगम के द्वारा अपने सफाई मित्रों के बीच में स्वच्छता प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। सबसे नीट अपनी बीट के तहत यह प्रतिस्पर्धा आयोजित की जा रही है। इसमें हर सफाई कर्मी की बीट का अवलोकन कर यह देखा जाए ?गा कि उनके द्वारा सफाई कितने बेहतर तरीके से समय सीमा के अंदर की गई है। इसमें सफाई कर्मी के द्वारा किए गए नवाचार को भी देखा जाएगा। इसमें बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को नगर निगम के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार अभी देखने में आता है कि सफाई करने के बाद सफाई मित्रों के द्वारा अलग-अलग स्थान पर कचरे के ढेर लगा दिए जाते हैं। अब अभियान में यह नहीं होगा। सफाई कर्मी को सफाई करने के साथ इस कचरे को एकत्र करके वहां से उठाकर अलग बैग में रखना होगा।

## जनजातीय गौरव दिवस; 15 से 26 नवम्बर तक अनेक कार्यक्रम

### 56 गांवों में होंगे विशेष आयोजन, सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति सुधारेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 15 से 26 नवम्बर तक 'जनजातीय गौरव दिवस' के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चिन्हित गांवों में ग्रामसभाएं भी होंगी। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अन्तर्गत चिन्हित सभी 56 ग्रामों में विशेष कार्यक्रम होंगे।

इन कार्यक्रमों में बिरसा मुण्डा सहित अन्य जनजातीय गौरव के जीवन, कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

यह जानकारी कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को एक बैठक में दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जनजातीय परिवारों की परिपूर्णता के लक्ष्य को हासिल करने और उनकी सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से 56 गांवों का चयन किया गया है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत चिन्हित गांवों का 15 दिनों में सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया जाए। हर गांव की कार्ययोजना भी पूरी तरह से तैयार की जाए।

### जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर होंगे कार्यक्रम

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि 15 नवंबर से 26 नवंबर तक 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन कार्यक्रमों में इस अभियान के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जाए। चिन्हित हर गांव में विशेष शिविर लगाए जाएं, जिनमें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जाए। साथ ही सभी पात्र किसानों को पीएम किसान योजना से जोड़ा जाए।

### 25 कार्यक्रमों को 18 विभाग करेंगे कार्यान्वित

इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 18 विभागों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। प्रत्येक विभाग अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत उन्हें आवंटित धनराशि के माध्यम से अगले 5 सालों में समयबद्ध तरीके से योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा।

साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

# डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द कानून में नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** साइबर क्राइम पूरी दुनिया में बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। भारत में प्रतिदिन करीब 10 हजार साइबर अपराध हो रहे हैं। इंदौर में प्रतिदिन 35-40 साइबर अपराध की शिकायतें आ रही हैं, यद्यपि बहुत से पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं करवाते। इंदौर पुलिस क्राइम ब्रांच ने पिछले 10 महीनो में 9 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अपराधियों से वापस करवाई है। साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता एवं सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

उक्त विचार एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने समाजसेवा प्रकोष्ठ तथा ज्येष्ठ नागरिक संस्था द्वारा लोकमान्य नगर में आयोजित साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किए।

### जान तक जा सकती है

दंडोतिया ने बताया कि साइबर अपराध में आर्थिक नुकसान के साथ, जान तक जा सकती है। इस अपराध में महिला, पुरुष, बच्चे, शिक्षित, अशिक्षित, गरीब ,अमीर के साथ सभी जाति भाषा, धर्म के लोग शिकार हो रहे हैं। डिजिटल वर्ल्ड बहुत खतरनाक होता जा रहा है। इससे बचने के लिए जागरुकता एवं सतर्कता के अलावा कोई उपाय नहीं है। इससे बचाव के लिए अपना ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य डिजिटल जानकारियां किसी से साझा न करें। अनजान लिंक, वेबसाइट आदि से दूर रहें। अनजान व्यक्ति पर विश्वास बिल्कुल भी नहीं करें।



### सरकारी एजेंसी या पुलिस डिजिटल अरेस्ट नहीं करती

दंडोतिया ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट कानून में नहीं है, कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। अनजान काल आने पर अपना विवेक नहीं खोएं। संयम, सतर्कता एवं आत्मविश्वास से बात करें तो आप बच सकते हैं। अपराध होने पर तत्काल 1930 पर अथवा साइबर अपराध शाखा से संपर्क कर शिकायत करें।

साइबर अपराध विशेषज्ञ तथा सेवा निवृत बैंक अधिकारी विजय रांगणेकर ने कहा कि अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंक खाते की जानकारी किसी भी स्थिति में दूसरों के साथ शेयर नहीं करें। हेल्पलाइन नंबर गूगल में नहीं अधिकृत वेबसाइट में देखें। अपने खिलाफ कोई शिकायत या गलती होने पर सरकारी विभाग, बैंक या पुलिस अधिकारी आपके घर या कार्यालय पर आते हैं।

# लुटेरों की तलाश के लिए बनाई पांच टीम

## दो इंदौर तो तीन टीमें शहर से बाहर कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में आरएस भंडारी मार्ग स्थित एक बिल्डिंग में बिल्डर से लूट की वारदात में उपयोग किए गए दोपहिया वाहन को बदमाशों ने रविवार को ग्वालटोली से चुराया था। पुलिस ने जब जांच की, तो पता चला कि यह वाहन छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र से चुराया गया था। हालांकि पुलिस को अभी तक बदमाशों का ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।**

बाइक चोरी का फुटेज भी सामने आया है, जिसमें यही बदमाश नजर आ रहे हैं। बदमाशों की तलाश में पुलिस ने पांच टीमें गठित की हैं। दो टीमें इंदौर में अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश दे रही हैं, तो तीन टीमों को उज्जैन, भोपाल और देवास भेजा गया है। पुलिस को आकाश यादव ने बताया कि वह रात में 11.30 बजे वाहन (एमपी 09-वीयू 0843) घर के बाहर खड़ा कर गया था, लेकिन वहां सुबह नहीं मिला।

उधर, जिस बिल्डिंग में यह घटनाक्रम हुआ है, वहां सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं। हालांकि अन्य बिल्डिंगों में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों के हुलिए साफ नजर आ रहे हैं। बिल्डर कमलेश अग्रवाल ने बताया कि बदमाशों ने बंदूक लोड की और अंदर रख ली। इस दौरान पीतल के दो कारतूस भी नीचे गिर गई। इन्हें बदमाशों ने उठाया। फिर चाकू निकालकर कहा कि चुप रहना। यदि शिकायत की तो सभी को मार देंगे। यदि हम उस दौरान शोर मचाते या भागने का प्रयास करते तो वे हमारे ऊपर हमला भी कर सकते थे।

### भागने के दौरान गिरी थी बाइक

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दोपहिया वाहन पर टोपी लगाए और नकाब पहने दो बदमाश नजर आ रहे हैं। बदमाश जब भाग रहे थे तो वह गिर गए। इस दौरान पीछे बैठे बदमाश की टोपी और जूते खुल गए। इसके बाद वह जूते को हाथ में लेकर वाहन पर बैठ गया। यह वहां से गुजरने वाले राहगीर ने भी देखा, लेकिन उसे समझ ही नहीं आया कि क्या चल रहा है।

## कचरे में लगी आग बंद पड़े मकान तक पहुंची

इंदौर। एबी रोड स्थित मां विहार कालोनी में कचरे की आग ने बंद पड़े मकान को चपेट में ले लिया जिसके कारण मकान में रखा सामान जल गया बताया जा रहा है कि जिस मकान में आग लगी वह पिछले कई दिनों से बंद है और उसके पास लोगों ने कचरे का ढेर लगा रखा था रात को किसी ने कचरा में आग लगा दी जो मकान तक जा पहुंची दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पांच हजार लीटर पानी की मदद से आग को बुझाया।

## पत्नी को कर दिया घायल

इंदौर। पत्नी पर शंका करने वाले पति ने पत्नी के साथ बुरी तरह से मारपीट करते हुए क्रिकेट के बैट से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना कनाडिया इलाके की है। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक विवाद में महिला के साथ मारपीट की घटना काउन्टी वाक कालोनी में हुई। 32 वर्षीय विवाहिता की रिपोर्ट पर उसके पति संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि मैं घर पर थी तभी पति बाहर से घर आया और बोलने लगा कि बर्थ डे पर तुम बिना बताए बर्थडे मनाने नहीं बल्कि किसी के साथ घूमने गई थी। जब उसने मना किया कि ऐसी कोई बात नहीं हो तो आरोपी ने गालियां दी और क्रिकेट के बल्ले से पीट दिया।

## मजदूर की मौत

इंदौर। निमार्णाधीन मकान पर काम कर रहे मजदूर की गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसने शराब पी रखी थी। सदर बाजार पुलिस के अनुसार मृतक का नाम जितेश निवासी नगीन नगर है। जूना रिसाला सदर बाजार में वह काम के लिए गया था। वह और उसके साथियों ने शराब पी थी इसी हालत में वह पहली मंजिल पर काम करने पहुंचा। जहां असंतुलित होकर नीचे आ गिरा उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बची।

## भतीजे ने किया चाकू से हमला

इंदौर। आपसी विवाद में चाचा पर भतीजे ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक अहिरखेड़ी में रहने वाले सुरेश पिता रामचंद्र साहू का भतीजे गोपाल साहू से विवाद हुआ था। इस दौरान चाकू मारकर घायल कर दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं स्कीम नंबर 78 में आपसी विवाद में भाई ने भाई को सरिए से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक यहां रहने वाले महेश पिता कन्हैया लाल वर्मा ने बताया कि छोटा भाई अशोक को शराब पीने से मना किया तो उसने उसके सिर पर सरिया मार दिया और धमकी देकर भाग गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कस दर्ज किया है।

## नाबालिग से मारपीट

इंदौर। मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए नाबालिग को पीटने वाले आरोपियों प पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार सत्यसांई बाग कालोनी में रहने वाले नाबालिग ने पुलिस को बताया कि कुशवाह नगर में स्थित यश मोबाइल शाप पर वह अपने पिता के साथ गया था। उक्त दुकान का संचालक कमलेश चौहान यह कहते हुए गालियां देने लगा कि तुने मेरी दुकान से मोबाइल चुराया है। जब इस बात का इनकार करते हुए विरोध किया गया तो आरोपी ने आवेश में आकर उक्त नाबालिग के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी । बीच बचाव करने पहुंचे उसके पिता के साथ भी आरोपी के साथी आशीषनाथ और अमन ने मारपीट की और दोनों को जान से मारने की धमकी दी है।

## मिठाई व नकदी चोरी

इंदौर। एक दुकान में घुसे चोर यहां से नकदी के साथ मिठाई भी चुरा ले गए। पलासिया पुलिस ने बताया कि संजय सिंह यादव निवासी चेतन नगर की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। दुकान से हजारों का माल चोरी हो गया। पुलिस ने बताया कि मनभावन नगर में फरियादी की गजक कुल्फी के नाम से दुकान है। सुबह जब संजय वहां पहुंचा तो शटर टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा था। चिल्लर के साथ नकदी गायब थी। इतना ही नहीं यहां पर गजक और अन्य मिठाई भी गायब थीं। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिये चोर का पता लगा रही है।

# रिसॉर्ट में वारदात के पहले पकड़ाए 5 बदमाश

## पुलिस को देखकर भागने में हाथ-पैर टूटे, हथियार मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गांधी नगर पुलिस ने 5 बदमाशों को पकड़ा है। आरोपी एक रिसॉर्ट में वारदात करने वाले थे। उसके पहले ही पुलिस की टीम ने आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से औजार और हथियार मिले है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि भागने के दौरान बदमाशों के हाथ-पैर टूट गए।**

गांधी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़ाए बदमाशों के नाम विशाल पुत्र करण सिंह सोलंकी निवासी 15 बटालियन के पास,गोकुल पुत्र अंतर सिंह निवासी बिसनावदा,पवन पुत्र जमा सिंह मंडलोई विसनावदा,आयुष पुत्र सुरेश चौधरी और शुभम पुत्र महेश गुनावा है। जानकारी के मुताबिक आरोपी इलाके के ड्रीम वल्र्ड रिसॉर्ट में चोरी करने के लिये गौशाला वाले रोड पर बैठे थे। रात में पुलिस यहां गश्त करते हुए पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे। आरोपियों के पास से चेकिंग में टॉमी, एक चाकू, सरिया मिले है। आरोपियों को जब थाने लेकर आया गया तो उन्होंने बताया कि वह इलाके में चोरी करने वाले थे, जिसके बाद पुलिस अब इनके रिकार्ड खंगाल रही है।

### स्टूडेंट से मोबाइल लूट के बदमाश पकड़ाए

तिलक नगर पुलिस ने भी एक स्टूडेंट के साथ मोबाइल लूट करने वाले दो आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिपाल जाट निवासी काली गांव जोधपुर ने बताया कि वह पढ़ाई करता है। उसके भाई का नौसर अस्पताल में उपचार चल रहा है तो वह परिवार के साथ इंदौर आया है। रविवार शाम को मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक नंबर रुक्क09क्लृष्2525 पर दो लडके आए। जिसमें से एक ने मोबाइल छीना और रिंग रोड की तरफ भागे। उनका पीछा करने के दौरान बाइक का नंबर देख लिया। पुलिस ने इस मामले में पप्पू निवासी असरावर्द खुर्द और उसके साथी को पकड़ा है। आरोपियों के पास से लूटा हुआ मोबाइल भी मिला है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## दुकानदार का सिर फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नशा करने वाले दो भाई ने एक एव्हरफ्रेश दुकान संचालक पर हमला कर दिया, उसका डंडे से सिर फोड़ दिया। आरोपी पक्ष की ओर से संचालक पर भी केस दर्ज कराया गया। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक आकाश सिंह चौहान की शिकायत पर निशांत व सुशांत पर केस दर्ज किया गया है। आकाश ने बताया कि वह आस्था पैलेस के यहां पर एव्हरफ्रेश का संचालन करता है। रात में 11 बजे दोनों आरोपी दुकान पर आए और नशा करने के लिये सिगरेट मांगी। इस पर उसने देने से इनकार किया तो आरोपियों ने पहले हाथ से मारपीट की। इसके बाद सुशांत ने सिर में मार दिया, जिसमें आकाश का सिर फट गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। यहां मेडिकल के बाद पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने निशांत चतुर्वेदी की शिकायत पर आकाश पर भी मारपीट का केस दर्ज कर लिया। निशांत ने बताया कि वह सिगरेट लेने गया था। यहां पर उधारी नही देने की बात पर आकाश ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## फर्टिलाइजर की कालाबाजारी पर नकेल

### चातक एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. के खिलाफ एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में फर्टिलाइजर की कालाबाजारी करने पर मे. चातक एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. बिहाडिया तिल्लोर खुर्द खुडैल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। केन्द्रीय और जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल द्वारा इस यूनिट का निरीक्षण किया था। इस दौरान फर्टिलाइजर यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट और म्युरेट ऑफ पोटाश का काफी स्टोरज पाया गया। साथ ही यहां फर्टिलाइजर की कालाबाजारी किया जाना पाया गया। जांच में खरीदने और उत्पादन यूनिट की क्षमता से संबंधित दस्तावेज, बैचवार और ग्रेड वार नमूनों के विश्लेषण परिणाम नहीं पाये गए। मामले में चातक एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. के प्रोपराइटर मोहित ऐरन के खिलाफ उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# राउंड टेबल एरिया प्रीमियर लीग में वीएमओ विकिंग्स की खिताबी जीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राउंड टेबल इंडिया के एरिया 17 द्वारा आयोजित राउंड टेबल प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबलों में वीएमओ विकिंग्स ने खिताबी जीत दर्ज की। पूरे दिन चले सेमी-फाइनल और फाइनल मुकाबलों में टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।**



एरिया अध्यक्ष शैंकी बंसल, सेक्रेटरी प्रशांत बजाज, कोऑर्डिनेटर मोहित भार्गव और कनविनर डॉ. दिव्यांशु गोयल ने बताया कि फाइनल मुकाबले में स्ट्राइकर्स सूर्या मैक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में 71/3 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में वीएमओ विकिंग्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 6.4 ओवर में 74/2 रन बनाकर मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम किया और टूर्नामेंट का खिताब जीता।

पहले सेमी-फाइनल में मोडवेयर रॉयल्स ने 7 ओवर में 65/1 रन बनाए। स्ट्राइकर्स सूर्या मैक्स ने 6.2 ओवर में 66/2 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमी-फाइनल में ब्लूनेक विगोर नाइट्स ने 7 ओवर में 59/2 का स्कोर खड़ा किया, लेकिन वीएमओ विकिंग्स ने केवल 4 ओवर में 64/1 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया।

वीएमओ विकिंग्स ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमी-फाइनल और फाइनल दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की। इस जीत में कप्तान आवेश कसलीवाल के नेतृत्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपविजेता स्ट्राइकर्स सूर्या मैक्स के कप्तान अभिमन्यु नारंग ने भी टीम को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया।

आयोजनकर्ता रजत जैन और शुभम खंडेलवाल ने बताया कि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अंकुर बदकुर को मिला, फाइनल्स के मैन ऑफ द मैच अंकुर चंडक रहे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब नितिन मतलानी को और विशेष पुरस्कार डॉ. दिव्यांशु को दिया गया।

# दो करोड़ के लालच में घर में घुसे 13 डकैत

## सिर्फ एक लाख मिले तो लूट ले गए 6 बाइक

### अनिल सपेरा और सोनी मोंगिया थे डकैती कांड के मास्टर माइंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर,(एजेंसी)।** रायसेन के पारधी गिरोह ने बुरहानपुर के नेपानगर में दो नवंबर को डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, लेकिन नौ आरोपित अभी भी फरार हैं। वारदात में दो करोड़ रुपये की लूट की उम्मीद थी, लेकिन केवल एक लाख रुपये और गहने मिल पाए थे। पुलिस उनकी तलाश में रायसेन जिले में दबिश दे रही है।

### लूट की उम्मीद थी दो करोड़ की, मिले सिर्फ एक लाख

गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वे रौनक जैन के घर से करीब दो करोड़ रुपये कैश लूटने की उम्मीद में थे, लेकिन उन्हें केवल एक लाख रुपये मिले। इसके बाद आरोपितों ने जैन के घर से सोने का ब्रेसलेट, अंगूठी, मंगलसूत्र और कंगन लूट लिए। वारदात के दौरान दंपती के साथ मारपीट भी की गई थी।

### कई बाइक चुराई और छोड़ दीं

वारदात के बाद आरोपितों ने भागने के लिए आसपास के घरों से छह बाइकें चुराई थीं। इनमें से दो बाइक पेट्रोल खत्म होने के कारण रास्ते में छोड़ दी गईं, जबकि चार बाइकें रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दी थीं। रात को आरोपित बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और सुबह दानापुर एक्सप्रेस से खंडवा के लिए रवाना हुए, वहां से रायसेन पहुंचे थे।

### सीसीटीवी और मोबाइल की लोकेशन से फंसे

पुलिस ने नेपानगर और बुरहानपुर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और आरोपितों की मोबाइल लोकेशन की मदद से गिरोह तक पहुंची। पुलिस ने 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाला। दबिश देने पर आरोपितों ने पुलिस पर पथराव का प्रयास भी किया था।

### गिरफ्तार आरोपितों की पहचान

गिरफ्तार आरोपितों में अजय उर्फ बोलकी मोंगिया, सुजीत पारधी, कांजरिया पारधी और कालू पारधी शामिल हैं। इन सभी को गुलगांव से लगे जंगलों में कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड अनिल सपेरा और सोनी मोंगिया थे। उन्होंने नवरात्र मेले के दौरान रौनक जैन के घर की रेकी की थी।

### फरार आरोपितों की गिरफ्तारी जारी

डकैती कांड में शामिल नौ आरोपित अब भी फरार हैं। इनमें अनिल सपेरा, सचिन उर्फ बब्लू पारधी, गनी पारधी, धौतरिया पारधी, गंगाराम पारधी और अन्य शामिल हैं। पुलिस उनका पीछा कर रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की उम्मीद है। आरोपितों को केवल पांच हजार रुपये खर्च के लिए दिए गए थे।

### सीहोर नपा इंजीनियर पर लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई

# मकान निर्माण के लिए मांगे थे 70 हजार रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर,(निप्र)। सोमवार की सुबह लोकायुक्त की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में टीम ने दो कर्मचारियों को आरोपित बनाया है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका के इंजीनियर ने मकान निर्माण की अनुमति के लिए 70 हजार की मांग की थी, जिसकी शिकायत आवेदक ने की थी। इसके बाद छापा मारा गया।**

जानकारी अनुसार सोनवार को लोकायुक्त डीएसपी के साथ टीम ने कार्रवाई की। आवेदक सुरेश दांगी ने शिकायत की थी कि इंजीनियर रमेश वर्मा ने उनके लुनिया चौराहे स्थित प्लाट पर मकान निर्माण के लिए रिश्वत मांगी थी।

### आवेदक के पास मौजूद थी मोबाइल रिकॉर्डिंग

अनुमति का आवेदन करने के बाद इंजीनियर वर्मा ने एक लाख की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद 70 हजार में बात तय हुई। इसकी मोबाइल रिकॉर्डिंग भी आवेदक के पास मौजूद थी। जो आवेदक ने लोकायुक्त को मुहैया कराए। आवेदक का कहना है कि मैंने बार-बार निवेदन किया था और वो मुझे मेरे ही प्लाट पर मकान नहीं बनाने दे रहे थे। परेशान होकर शिकायत की थी। इनके बाद कार्रवाई की गई। मामले को लेकर डीएसपी अनिल वाजपेयी ने बताया कि हमें शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। इसमें आरोपित को पकड़ लिया है। इसके साथ ही आरोपित के साथ ऑपरेटर दानिश और एक अन्य प्राइवेट इंजीनियर अंशुल जैन से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कार्रवाई जारी है।

### नर्मदापुरम में भी चल रही जांच

आरोपित रमेश वर्मा के पास होशंगाबाद का भी चार्ज था। वहां भी कई तरह की अनियमितताएं सामने आई थीं, जिसके बाद जांच की गई। बताया जा रहा है कि रमेश वर्मा के पास आय से अधिक संपत्ति का मामला भी बन सकता है। लोकायुक्त पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# गुना में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

## कुख्यात आरोपी पर 25,000 रुपए का इनाम था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना (एजेंसी)। गुना में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस के साथ केदारनाथ के जंगल में मुठभेड़ हुई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है। कुख्यात आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम था। आरोपी का नाम मुकेश जाटव पुत्र नंदा जाटव निवासी दौरदा बमोरी हाल गढला उजारी का बताया जाता है। बदमाश का एनकाउंटर केदारनाथ जंगल में किया गया है।**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग किया, जिस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी पर फायर किया और उसके पैर में गोली लगी। आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पूरे मामले को लेकर गुना के पुलिस अधिकारी ने बताया कि 6 नवंबर को एक घटना घटी थी, जिसमें आरोपी द्वारा बच्ची के साथ बलात्कार का केस हुआ था। इसको लेकर हमारी पूरी टीम पिछले तीन दिन से आरोपी के पीछे लगी हुई थी, क्योंकि आरोपी ने बहुत जघन्य अपराध किया था। इस पर कई पुराने मामले भी हैं और यह आरोपी काफी कुख्यात बदमाश था। पुलिस



अधिकारी ने आगे बताया कि थाना प्रभारी सिरसी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस की दो टीम, सिरसी और म्याना के थाना प्रभारी के नेतृत्व में केदारनाथ मंदिर क्षेत्र में आरोपी को चिन्हित किया और जब आमना-सामना हुआ तो अपराधी द्वारा 315 बोर की गोली फायर की गई। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे अपराधी के पैर में गोली लगी है। एनकाउंटर की घटना रविवार शाम सात बजे की है। पु?लिस अधिकारी ने बताया कि अपराधी को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईजी द्वारा आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बता दें कि 6 नवंबर की रात म्याना थाना क्षेत्र में नाबालिग से रेप की वारदात हुई थी। बच्ची जंगल में बेसुध मिली थी। उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे।

# डीआरडीओ ग्वालियर में बनाएगा देश की सबसे अत्याधुनिक लैब

## डीआरडीओ चेयरमैन ने रखी आधारशिला, बैक्टीरिया और वायरस पर होगा शोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर,(एजेंसी)।** भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) देश की सबसे अत्याधुनिक लैब ग्वालियर में बनाएगा। यह जैविक और रासायनिक खतरों से निपटने में मदद करेगी। यह लैब इंटरनेशनल पैरामीटर्स पर आधारित, बायो सेफ्टी लेवल-4 (बीएसएल-4) सुविधाओं से लैस होगी। इस लैब में रक्षा महत्व से जुड़े बैक्टीरिया और वायरस पर शोध किया जा सकेगा।

डीआरडीओ चेयरमैन और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव ने ग्वालियर के महाराजपुर डांग परिसर में इस लैब की आधारशिला रखी। उन्होंने ग्वालियर में बने बायो-डिटेक्टर, टेस्ट एंड एवैल्युएशन फैसिलिटी (बीडीटीईएफ) का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हम तेजी से बदलती हुई दुनिया में रह रहे हैं, जिसमें रासायनिक और जैविक खतरों की आशंका बढ़ गई है। कोविड महामारी जैसे संकट भविष्य में फिर से सामने आ सकते हैं। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, और इसके लिए हमें रासायनिक और जैविक रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी।

डीआरडीओ चेयरमैन ने कहा कि ग्वालियर का यह नया बीएसएल-4 लैब देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शीर्ष लैबोरेट्री की श्रेणी में होगा। इस लैब को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशाला के रूप में स्थापित करने के लिए डीआरडीई को न केवल शिक्षा और उद्योग जगत, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समन्वय पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। इस अवसर पर डीआरडीई ग्वालियर के निदेशक डॉ. मनमोहन परीडा भी शामिल थे।

भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास स्थापना (डीआरडीई) में 11 से 13 नवंबर तक वायरोकॉन-2024 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन वायरोलॉजिकल सोसाइटी (आईवीएस) द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्घाटन ग्वालियर के तानसेन मार्ग स्थित डीआरडीई परिसर में होगा। इसमें देश-विदेश के 400 से ज्यादा वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शोधार्थी शामिल होंगे। सम्मेलन में महामारी और जैव सुरक्षा से संबंधित जरूरी मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

# संघ चीफ भागवत बोले- तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका बनी

## दुनिया शांति के लिए भारत की ओर देख रही, पर कुछ लोग अड़ंगा डाल रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर,(एजेंसी)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस वक्त दुनिया शांति के लिए भारत की ओर देख रही है, लेकिन कुछ लोग अड़ंगा डाल रहे हैं। संघ प्रमुख ने एक बार फिर कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर बढ़ रहा है।भागवत, मध्य प्रदेश के जबलपुर में संघ की नेत्री डॉक्टर उर्मिला जामदार की याद में हुए एक प्रोग्राम में बोल रहे थे।

**1. तीसरा विश्वयुद्ध:** संघ प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन-रूस और इजराइल-हमास युद्ध के बीच तीसरे विश्वयुद्ध की छाया पनप रही है। अभी यह नहीं साफ हो पा रहा है कि यह कहां से शुरू होगा, इजराइल से या फिर यूक्रेन से।

**2. विज्ञान और हथियार:** भागवत बोले कि दुनिया में विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, लेकिन इसके फायदे अभी दुनिया के गरीबों तक नहीं पहुंच रहे हैं, लेकिन दुनिया को तबाह करने वाले हथियार हर जगह पहुंच जा रहे हैं। कुछ बीमारियों के लिए दवाएं भले ही ग्रामीण इलाकों तक न पहुंची हों, लेकिन कट्टा यहां पहुंच जाता है।

**3. पर्यावरण:** संघ प्रमुख ने पर्यावरण पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां वह बीमारियों की वजह बन रहा है।


**4. सनातन धर्म और हिंदुत्व:** भागवत ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही सनातन धर्म है और यही हिंदुत्व में भी होता है। हिंदुत्व में दुनिया को रास्ता दिखाने का सामर्थ्य है। भारतीय ग्रंथों में लिखे जाने से बहुत पहले ही हिंदु शब्द अस्तित्व में आ गया था। जनता के बीच पहली बार इसका इस्तेमाल गुरु नानक देव जी ने किया था।

# संपादकीय

## सामान्य झगड़े में हो रहे हत्या जैसे जघन्य अपराध, वर्चस्व की कुंठा बन रहा मुख्य वजह

हत्या जैसे जघन्य अपराध को लेकर आम धारणा यही होती है कि इसके पीछे कोई बडा कारण होगा। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह बेहद मामूली बातों पर भी लोगों में आक्रामकता देखी जाने लगी है, झगडे होने लगे हैं और कई बार गुस्से में उपजी हिंसा का अंत किसी की हत्या तक के साथ होने लगा है, वह हैरान करता है। यह बहुत धीमी रफ्तार से विकास की कोशिश करते समाज के लिए बेहद चिंताजनक है कि जिन बातों को सामान्य बातचीत से सुलझाया जा सकता है, उसमें नाहक ही किसी की जान तक चली जाती है। कुछ दिन पहले दिल्ली के ज्वाला नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने एक साथी की पत्थर से हमला कर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि उसने उससे बीडी मांगी थी और इस पर झगडा हो गया। प्रथम दृष्टया ऐसी वजह से एक जघन्य अपराध के घटित होने पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। मगर हाल के वर्षों में बहुत सारे लोगों में एक विचित्र किस्म की आक्रामकता देखी जाने लगी है, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं होता। निश्चित रूप से यह समाज में बढती हताशा और उससे उपजे गुस्से का उदाहरण है, जिस पर देश और समाज के कर्ताधर्ताओं को सोचने की जरूरत है। अब यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर में से एक बडा तबका गायब रहता है, जो कई तरह की आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुपचाप पसरते संकटों का शिकार होता है। एक अन्य स्तर ऐसे लोगों का भी होता है, जो सभी संसाधनों और सुविधाओं से लैस होते हैं, मगर अहं और वर्चस्व की कुंठा से भरे रहते हैं। वे इतना भी सोच पाने में सक्षम नहीं होते कि बहुत छोटी बात पर उनके इस कदर आपराधिक हो जाने के बाद कानून जब अपना काम करेगा, तो उन्हें किस तरह की स्थितियों का सामना करना पड सकता है। जाहिर है, सरकार को अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानूनों को सख्ती से लागू करने के साथ-साथ लोगों के भीतर इस तरह बढती आक्रामकता, गुस्से और उसके कारणों को ध्यान में रख कर भी सामाजिक विकास नीतियां तय करने की जरूरत है।

isha



मन सिर्फ याद्दाश्त ही नहीं है – ये चेतना के लिए एक खिड़की है। याद्दाश्त सिर्फ इकट्ठा की गई जानकारी है। चेतना में पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है।

– जग्गी वासुदेव

Health is Welth

# शुगर का दुश्मन है रसोई में रखा ये एक पत्ता

## जानें कैसे सेवन करने से मिलेगा डबल फायदा

खराब खानपान और लगभग दिनभर बैठे रहने वाले लाइफस्टाइल ने लोगों के शरीर को ढेर सारी बीमारियों का घर बना दिया है। इन्हीं बीमारियों में से एक है शुगर यानी डायबिटीज। एक बार शुगर हो जाए तो इसे कंट्रोल में बनाए रखने के लिए लोग दवाइयों के अलावा कुछ घरेलू नुस्खों को भी ट्राई करते हैं। दरअसल हमारी रसोई में कुछ ऐसे मसाले मौजूद हैं, जिनका इस्तेमाल सदियों से आयुर्वेद में एक औषधि के रूप में किया जाता रहा है। इनमें से कई मसाले डायबिटीज को कई हद तक कंट्रोल करने में भी काफी मददगार होते हैं, जैसे कि तेज पत्ता। तो चलिए आज जानते हैं कि तेज पत्ता कैसे आपकी ब्लड शुगर मैनेजमेंट में मदद कर सकता है।



### जानें डायबिटीज में कैसे फायदेमंद है तेज पत्ता

खाने की खुशबू बढ़ाने वाला तेज पत्ता, आपकी ब्लड शुगर लेवल मैनेजमेंट में काफी हेल्पफुल साबित हो सकता है। एक्सपर्ट की मानें तो तेज पत्ते की मदद से शुगर को पूरी तरह खत्म यानी रिवर्स तो नहीं किया जा सकता है लेकिन ये शुगर को कंट्रोल करने के लिए काफी अच्छा उपाय है। हालांकि इसके साथ एक अच्छी नियंत्रित डाइट और डेली फिजिकल एक्टिविटीज का होना भी बेहद जरूरी है। जर्नल ऑफ बायोकेमिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट की मानें तो जिन टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों ने अपने खानपान में तेज पत्ते को शामिल किया था, उनका शुगर लेवल ही नहीं कोलेस्ट्रॉल भी काफी हद तक नॉर्मल होने लगा था।

### जानें कैसे सेवन करने से होगा फायदा

तेज पत्ते को खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए अक्सर रसोई में इस्तेमाल किया जाता रहा है। हालांकि इसके अलावा और भी काई तरीकों से आप इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। तेज पत्ता एक खड़ा मसाला है इसलिए इसे आप अपनी रोजाना की चाय में शामिल कर सकते हैं। इससे ना सिर्फ चाय का स्वाद बढ़ जाएगा बल्कि आपकी चाय जरा हेल्दी भी हो जाएगी। इसके अलावा शुगर के मरीजों के लिए बेस्ट है कि वो तेजपत्ते का पानी अपनी डाइट में शामिल करें। इसके लिए बस एक गिलास पानी में रात के समय एक तेज पत्ता भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को हल्का गर्म करें और पी जाएं। तेज पत्ते का ऐसा सेवन आपके शुगर लेवल को कंट्रोल करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

New Delhi

# झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर ऐक्शन में ED, वोटिंग से पहले 17 ठिकानों पर रेड; मनी लॉन्ड्रिंग का शक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बांग्लादेशियों को भारत में घुसपैठ कराने के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग के ऐंगल से जांच के लिए इस मामले में 17 ठिकानों पर छापे मारे हैं। ये छापे झारखंड और पश्चिम बंगाल में मारे गए हैं। सूत्रों का कहना है कि ईडी को इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की भी जानकारी मिली है और इसी ऐंगल से उसने जांच को आगे बढ़ाया है। ईडी ने इस मामले में सितंबर में केस दर्ज किया था। उसने अवैध घुसपैठ और मानव तस्करी के मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग का भी ऐंगल सामने आने के बाद जांच शुरू की थी। यह जानकारी मिली थी कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं को झारखंड में भेजा गया है और




इसके पीछे पैसों का भी लेनदेन है। पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार का इसमें हाथ है और वह ऐसी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। ऐसी घुसपैठ इसलिए कराई जा रही है ताकि झारखंड की जनसांख्यिकी में बदलाव कर दिया जाए और उसका फायदा चुनाव में उठाया जा सके। भाजपा ने चुनाव प्रचार में भी यह मुद्दा उठाया है और कहा कि संथाल परगना एवं कोल्हन क्षेत्र में यह घुसपैठ ज्यादा कराई जा रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो इस मामले को पूरी आक्रामकता से उठाते रहे हैं। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, हिमंत बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान जैसे नेताओं ने भी इस मामले को उठाया है। झारखंड में पहले राउंड का मतदान 13 नवंबर को होने वाला है, जबकि 20 नवंबर को दूसरे राउंड की वोटिंग है। ऐसे में वोटिंग से ठीक पहले रेड के अपने मायने

New Delhi

## दिल्ली में कचरे से बिजली बनाने की योजना से 10 लाख लोग खतरे में

### अस्थमा कैंसर और त्वचा रोग के मामले बढ़े



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में कचरे के बढ़ते पहाड़ों को खत्म करने के इरादे से लाई गई सरकार की एक योजना स्थानीय लोगों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। दिल्ली का ओखला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लोगों के लिए घातक साबित हो रहा है।

इस प्लांट से निकलने वाले धुएं में कैडमियम, लेड, आर्सेनिक और अन्य खतरनाक केमिकल की चपेट में लोग आ रहे हैं. इस प्लांट से निकलने वाले घातक विषाक्त तत्व चिंता का कारण बने हुए हैं. यहां तक कि प्लांट से निकलने वाली राख में भी जहरीले प्रदूषक हैं. इस राख को आसपास के रिहायशी इलाकों में डाल दिया जाता है जिससे लोगों में अस्थमा और कैंसर का खतरा बना हुआ है. इस प्लांट के आसपास बसे लोग हर दिन जहरीले प्रदूषकों की चपेट में आ रहे हैं. यहां की आसपास की बस्तियों के लोग सांस संबंधी बीमारियों, कैंसर और त्वचा संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं. दरअसल कचरे की राख को रिहायशी बस्तियों के पास खुले में फेंका जा रहा है, जिससे लोगों विशेष रूप से बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें अधिक हो रही हैं. यह बच्चों के विकास पर भी असर डाल रही हैं. बता दें कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट पब्लिश की थी, जिसमें दावा किया गया था कि दक्षिणपूर्व दिल्ली के ओखला का वेस्ट-टू-एनर्जी (WTE) प्लांट इस इलाके के दस लाख लोगों के लिए खतरा बना हुआ है.

Uttarpradesh

## 'सब खत्म हो गया', इटावा में पत्नी और तीन बच्चों को मारकर लगाया स्टेटस, फिर पटरियों के बीच लेट गया

**इटावा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के इटावा में एक सराफा कारीगर ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को जहर खिलाकर मार दिया. इन चारों की मौत के बाद उसने उनकी फोटो के साथ स्टेटस लगाया 'सब खत्म हो गया' और फिर शवों को घर में बंद करके सुसाइड करने के लिए रेल की पटरी पर पहुंच गया, लेकिन तबतक पुलिस ने उसे पकड़ लिया.

इटावा की सदर कोतवाली इलाके के लालपुरा में एक सराफा कारीगर ने अपनी पत्नी रेखा (45), बड़ी बेटी भाव्या (18), छोटी बेटी काव्या (16) और बेटा (11) को जहर देकर मार दिया. पत्नी और बच्चों की मौत के बाद आरोपी मुकेश वर्मा आत्महत्या करने के लिए देर शाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचा. वो रेल की पटरी पर लेट गया और उसके ऊपर से मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन भी गुजर गई, लेकिन उसे कुछ नहीं हुआ. फिर रेलवे पुलिस ने उसे पकड़ लिया.

पुराने शहर में इस तरह एक साथ चार लोगों की मौत से सनसनी फैल गई. जानकारी के बाद मौके पर एसएसपी समेत पुलिस के कई सीनियर अधिकारी और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई और जांच में जुटी है.

New Delhi

## सुप्रीम कोर्ट में बोला शख्स- कोई मशीन से चला रहा है मेरा दिमाग, याचिका देख जज साहब हैरान

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने याचिका दाखिल कर दावा किया है कि उसका दिमाग मशीन से कोई और कंट्रोल कर रहा है। अब जैसे ही जज साहब के सामने याचिका पहुंची, तो उन्होंने इसपर हैरानी जाहिर की और विचित्र करार दे दिया। साथ ही कह दिया कि इसमें दखल कैसे दिया जा सकता है। इसके बाद याचिका को खारिज कर दिया।**

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच याचिका पर सुनवाई कर रही थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा, 'याचिकाकर्ता की तरफ से विचित्र प्रार्थना की गई है कि कुछ अन्य लोगों की तरफ से कोई मशीन चलाई जा रही है, जिसके जरिए उसके दिमाग पर नियंत्रण किया जा रहा है। हमें इस मामले में हस्तक्षेप करने की कोई गुंजाइश या कारण नजर नहीं आता है।'

याचिकाकर्ता ने इससे पहले आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ लोगों ने CFSL यानी सेंट्रल फॉरेंसिक साइंटिफिक लेबोरेटरी से ह्यूमन ब्रेन रीडिंग मशीनरी हासिल कर ली है और उसका इस्तेमाल उनके ऊपर किया गया। याचिकाकर्ता ने अदालत से मशीन को डिएक्टिवेट करने के निर्देशों की मांग की थी।

इसके बाद CFSL, CBI ने हाईकोर्ट में हलफनामा दिया कि याचिकाकर्ता पर ऐसी कोई भी फॉरेंसिक जांच नहीं की गई है। ऐसे में मशीन डीएक्टिवेट करने का सवाल ही नहीं उठता। इसके बाद हाईकोर्ट ने नवंबर 2022 में याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद पेशे से टीचर याचिकाकर्ता ने आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन दाखिल की थी।

खेल

# हॉकी इंडिया ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा बिहार में वीमेंस एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी

**राजगीर, (एजेंसी)** भारतीय महिला हॉकी टीम ने विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। जहां उसने 4-0 से बड़ी जीत हासिल की। ऐतिहासिक शहर राजगीर में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने अपने आक्रामक खेल और मजबूत रक्षात्मक रणनीति से मलेशिया को हर मोर्चे पर पछाड़ दिया। संगीता कुमारी ने 8वें और 55वें मिनट में दो गोल किए। जबकि प्रीति दुबे (43') और उदिता (44') ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक मिले, जिससे वह टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनकर उभरी।



मैच की शुरुआत में मलेशिया को भारत के गोलकीपर सविता की सतर्कता के कारण बढ़त का मौका नहीं मिल सका। मलेशिया की नूर मोहम्मद ने एक मौका बनाया, लेकिन सविता ने बेहतरीन बचाव किया। मलेशिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उसे भुनाने में वह असफल रहीं। इसके बाद भारतीय टीम ने मैच का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। दीपिका के शॉट को संगीता कुमारी ने 8वें मिनट में गोल में बदलते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद भी टीम ने मलेशिया पर दबाव बनाए रखा और कई मौके बनाए, हालांकि प्रीति दुबे कुछ मौकों पर गोल नहीं कर सकीं। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम का आक्रमण जारी रहा, लेकिन उसे और गोल नहीं मिला। हाफ टाइम के पहले लालरेमसिआमी ने शानदार रन के बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन नेहा का शॉट गोल में नहीं बदल सका। तीसरे क्वार्टर में भारत ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और 43वें मिनट में प्रीति दुबे तथा 44वें मिनट में उदिता के गोल से स्कोर 3-0 कर लिया। अंत में संगीता कुमारी ने 55वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त को 4-0 पर पहुंचा दिया और मलेशिया की वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया।

### अगला मैच कोरिया के खिलाफ

अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ होगा। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 1 और लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव पर होगी। सभी भारतीय मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर भी किया जाएगा।

सिनेमा

## 'सिकंदर का मुकद्दर' ट्रेलर ने सस्पेंस बढ़ाया

### फिल्म 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी



**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा, नीरज पांडे के 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, और तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण फ्राइडे स्टोरीटेलर्स ने किया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक हीरे की चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की दिलचस्प कहानी दिखाई गई है। लेकिन वो यह किस कीमत पर करता है? लगातार बढ़ते तनाव के बीच सवाल उठता है: क्या तीनों संदिग्ध वास्तव में दोषी हैं, या फिर इस कहानी में कुछ और छिपा है, जो दिखाई नहीं दे रहा? 2008 में हीरे की एक प्रदर्शनी में चोरी होती है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी, जसविंदर सिंह (जिमी शेरगिल) अपनी तहकीकात अपनी मूलवृति के साथ तीन संदिग्धों - कामिनी सिंह (तमन्ना भाटिया), सिकंदर शर्मा (अविनाश तिवारी) और मंगेश देसाई (राजीव मेहता) पर केंद्रित रखकर शुरू करते हैं। जाँच आगे बढ़ने के साथ गुनाह और बेगुनाह के बीच की रेखाएं धुंधली होती जाती हैं और जसविंदर की तफ्तीश उनका जुनून बनती चली जाती है। इस फिल्म के बारे में नीरज पांडे ने बताया कि वो एक जुनून और रहस्य की एक ऐसी कहानी बुनना चाहते थे, दो दर्शकों को रोमांचित कर दे। उन्होंने कहा, ''मैं एक स्टोरीटेलर के रूप में हमेशा से एक रोमांचक, दिलचस्प और मनोरंजक कहानी पेश करना चाहता था। सिकंदर का मुकद्दर वही कहानी है। इस फिल्म के निर्देशन का अनुभव अच्छा था, और कलाकारों ने पूरी तत्परता के साथ अपने किरदार निभाए। नेटफ्लिक्स और फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के बीच की इस पार्टनरशिप को मजबूत करते हुए हम यह कहानी पूरे विश्व में अपने दर्शकों के समक्ष रखने के लिए उत्साहित हैं।''

## Highlights

1. **Pashupati Paras evicted from Patna house he lived in for 40 yrs**
2. **Temple cancels event amid threats, says 'Canadians feel unsafe coming to Hindu temples'**
3. **Heavy rain warning issued for several TN districts for entire week**
4. **Man tries to book cab through Google search, loses ₹4 lakh in Karnataka**
5. **NASA pic shows thick smog over Delhi & Lahore amid rising pollution**
6. **Baba Siddique's shooter changed clothes, stayed near crime scene after murder: Report**

# Bitcoin at over $89,000, soars above pre-pandemic peak amid Donald Trump win

**NEW DEIHI, (Agency).** Bitcoin's record-breaking rally took the digital asset past $89,000 and lifted the overall value of the crypto market above its pandemic-era peak as traders bet on a boom under President-elect Donald Trump.

The largest token has jumped about 30% since the US election on Nov. 5 and hit an all-time high of $89,599 early on Tuesday. The climb then moderated, leaving the cryptocurrency at $87,800 as of 8:27 a.m. in Singapore.

Trump has vowed friendlier crypto rules and his Republican Party is tightening its grip on Congress to push through his agenda. Other pledges include setting up a strategic US Bitcoin stockpile and boosting domestic mining of the token.

His stance is a sharp break from a crackdown on the divisive industry by the Securities & Exchange Commission under President Joe Biden's administration. The shift has energized speculative buying of large and small tokens alike, raising the value of digital assets to about $3.1 trillion, CoinGecko data show.




'Red-Hot' Play

Bitcoin is in "beast mode," Chris Weston, head of research at Pepperstone Group, wrote in a note. "The question for traders not already set is whether there is still room to chase this red-hot play or wait for a slight retracement and for some of the heat to come out of the impulsive trend."

In the options market, investors are lining up bets that Bitcoin will pass $100,000 as soon as the end of the year, according to data from the Deribit exchange. Meanwhile, software firm MicroStrategy Inc. — the largest publicly-traded corporate holder of Bitcoin outside the exchange-traded fund sector — bought about 27,200 Bitcoin for some $2 billion between Oct. 31 and Nov. 10.

Traders for now are paying little heed to questions such as how quickly Trump will implement his agenda or whether a strategic stockpile is a realistic step.

Stretched Rally

Bitcoin has more than doubled so far in 2024, helped by robust demand for dedicated US ETFs and interest-rate cuts by the Federal Reserve. The rise in the token exceeds the returns from investments such as global stocks and gold.

# मारुति सुज़ुकी ने लॉन्च की नई डिजायर जिसमें है बेजोड़ स्टालइल, अतुलनीय प्रदर्शन

**नई दिल्ली। कॉम्पैद्वक्टद्द सेडान सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थीापित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शानदार नई डिजायर को पेश किया है। मारुति सुज़ुकी के पोर्टफोलियो में सबसे सफल और प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक के रूप में, डिजायर ने देशभर में 27 लाख से ज्यातदा ग्राहकों का भरोसा हासिल किया है। शानदार नई डिजायर को इसकी विरासत और बेजोड़ स्टा इल, आराम और विश्वेसनीयता की मजबूत नींव पर फिर से तैयार किया गया है।**




अपनी प्रगतिशील डिज़ाइन, आलीशान टू-टोन इंटीरियर्स और सेगमेंट फस्र्ट फीचर्स की श्रृंखला के साथ, शानदार नई डिजायर एक विशिष्टज और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। युवा और समझदार लोगों के लिए तैयार की गई, जो कारों को अपने व्यशक्तित्व के प्रतिबिंब के रूप में देखते हैं, नई डिजायर का उद्देश्य परफॉर्मेंस, सॉफिस्टिकेशन और कम्फंर्ट के साथ स्टाइिल को सहजता से एकीकृत कर एक गेम-चेंजर बनना है। हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, मारुति सुज़ुकी डिजायर लंबे समय से कॉम्पैकक्टर सेडान सेगमेंट में उत्कृजष्टंता की पहचान के रूप में खड़ी है, और ग्राहकों की पसंद ने इसे साल दर साल भारत की सबसे ज्यापदा बिकने वाली सेडान3 कार बना दिया। प्रत्येपक नई पीढ़ी के साथ, इसने बाजार में एक नई क्रांति पैदा की है और ग्राहकों की अपेक्षाओं को नए ढंग से परिभाषित किया है। शानदार नई डिजायर परफॉर्मेंस, फीचर्स और सेफ्टी पर जोर देने के साथ स्थासयी विरासत को मजबूत करने का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक